भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1115 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025/14 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है

मुंबई पत्तन का आधुनिकीकरण

+1115. श्री संजय दिना पाटील :
प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मुंबई पत्तन के आधुनिकीकरण और पुनर्विकास के लिए कोई व्यापक योजना तैयार की है ताकि इसकी कार्गो हैंडलिंग क्षमता में वृद्धि और समुद्री अवसंरचना में सुधार किया जा सके;

(ख) यदि हाँ, तो सागरमाला कार्यक्रम या पत्तन के विकास संबंधी अन्य पहलों के अंतर्गत शुरू प्रमुख परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पर्यटन, रसद और तटीय समुदाय विकास के लिए कम उपयोग वाली पत्तनों की भूमि के पुनर्विकास के लिए कदम उठाए हैं;

(घ) मुंबई पत्तन पर चल रही परियोजनाओं के लिए कुल निवेश और उनके पूर्ण होने की प्रस्तावित समय-सीमा क्या है;

(ङ) क्या पर्यावरण और तटीय विनियमन क्षेत्र संबंधी मंजूरी ने विकास की गति को प्रभावित किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) भीड़-भाड़ कम करने और व्यापार दक्षता बढ़ाने के लिए मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, समर्पित माल ढुलाई गलियारों और सड़क-रेल नेटवर्क के साथ पत्तन की कनेक्टिविटी बेहतर करने हेतु क्या उपाय किये जा रहे हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): जी, हाँ। मुम्बई पत्तन द्वारा शुरू की गई प्रमुख परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न है।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण (एमबीपीए) ने मुंबई के पूर्वी तटवर्ती क्षेत्र के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है और जो क्षेत्र पत्तन गतिविधियों के लिए अपेक्षित नहीं हैं, उन्हें जल परिवहन के साथ पर्यटन, लॉजिस्टिक और सामुदायिक विकास के लिए प्रस्तावित किया गया है।

पहले से क्रियान्वित परियोजनाएं हैं:-

i. अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल
ii. घरेलू क्रूज टर्मिनल
iii. घरेलू जल परिवहन के लिए रो-पैक्स टर्मिनल

निम्नलिखित परियोजनाएं क्रियान्वयन या योजना के अधीन हैं:-

i. मझगांव के मैलेट बंदर में नया मछली घाट
ii. 527 नौकाओं की क्षमता वाला मरीना
iii. 14.6 हेक्टेयर क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन केंद्र।

मुंबई पत्तन पर किए गए कुल निवेश और चल रही परियोजनाओं की स्थिति का ब्यौरा **अनुबंध-II** में संलग्न है।

(ङ): स्वीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजना (सीजेडएमपी) के अनुसार, पूर्वी तट के साथ एमबीपीए की अधिकांश भूमि को तटीय विनियम क्षेत्र (सीआरजेड) II के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। चूंकि पूर्वी तट को "एसईए" माना गया है, इसलिए 500 मीटर के बफर को सीआरजेड के रूप में निरूपण किया गया है।

सीआरजेड अधिसूचना, 2019 के खंड 10.3 के अनुसार, सीजेडएमपी में कोई विकास क्षेत्र (एनडीजेड) नामित नहीं है। एमबीपीए की लगभग 28.62 हेक्टेयर भूमि को एनडीजेड के रूप में नामित किया गया है। अधिसूचना के अंतर्गत, एनडीजेड स्थानों में परिवर्तन नहीं किया जा सकता है, तथा इन भूमि पर किसी भी प्रकार के विकास की अनुमति नहीं है सिवाय 15% क्षेत्र को सीमित करके जो सार्वजनिक उपयोगिताओं के लिए होगा।

(च): मुंबई पत्तन व्यापक रेलवे और सड़क नेटवर्क से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। अटल सेतु (एमटीएचएल) ऑरेंज गेट और सेवरी क्षेत्र पर सीधे पत्तन से संपर्कता प्रदान करता है। आईआईटी, मुंबई के तकनीकी मार्गदर्शन में सड़क अवसंरचना का उन्नयन किया जा रहा है। भारतीय पत्तन रेल निगम (आईपीआरसीएल) भीड़भाड़ कम करने तथा माल संचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए विस्तृत रेल-सड़क सुधार उपाय कर रहा है। मुंबई पत्तन के सहयोग से, महाराष्ट्र सरकार ने पत्तन भूमि से होकर मेट्रो लाइन 11 की योजना बनाई है, जिससे पत्तन भूमि और शहर के बाकी हिस्सों के बीच संपर्कता में बढ़ोतरी होगी।

अनुबंध-I

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1115 के संदर्भ में सागरमाला कार्यक्रम या अन्य पत्तन विकास पहल के अंतर्गत शुरू की गई प्रमुख परियोजना का ब्यौरा

क्र.सं.	परियोजना का नाम	वर्तमान स्थिति
1	बीपीएक्स-इंदिरा डॉक - मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन और आधुनिकीकरण।	चालू
2	मैलेट बंदर में नई मछली जेट्टी का निर्माण	कार्य प्रगति पर है और 75% वास्तविक प्रगति हो चुकी है।
3	जवाहर द्वीप में दक्षिण-पश्चिम खाड़ी का पुनरुद्धार	कार्य प्रगति पर है और 58% वास्तविक प्रगति हो चुकी है।
4	जवाहर द्वीप जे4 और जे5 जेट्टी के बीच 36" कच्चे तेल और 12" बंकर लाइन की पाइपलाइनों का अंतःसंबधन।	कार्य प्रगति पर है, पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद 2026 तक पूरे होने की आशा है
5	एमओटी, जवाहरद्वीप में 5 अग्निशमन पंपों का प्रतिस्थापन।	पूर्ण
6	एमओटी जेडी में टैंक फार्म में रीम सील अग्नि सुरक्षा, आरओएसओवी, नए पंप और स्लोप टैंक से संबंधित कार्यों की आपूर्ति, संस्थापना, परीक्षण।	पूर्ण

अनुबंध-II

लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1115 के संदर्भ में मुंबई पत्तन की चल रही परियोजनाओं के लिए किया गया कुल निवेश और प्रस्तावित समय-सीमा

क्र.सं.	परियोजना का नाम	परियोजना की अनुमानित लागत (करोड़ रुपये में)	वर्तमान स्थिति
1	पीर पाऊ में तीसरे रासायनिक बर्थ (टीसीबी) का निर्माण।	161	कार्य 27.09.2024 को पूरा हुआ
2	महाराष्ट्र में मैलेट बंदर मत्स्य बंदरगाह का विकास	96.60	कार्य प्रगति पर है और 75% वास्तविक प्रगति हो चुकी है।
3	समुद्री तेल टर्मिनल, एमबीपीए में एससीएडीए और पीएलसी स्वचालन प्रणाली का कार्यान्वयन	22.57	कार्य पूर्ण हो गया है। परियोजना का उद्घाटन 23.08.2024 को हो गया।
4	बीपीएक्स - इंदिरा डॉक - मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन और आधुनिकीकरण	303.30	चालू
5	जवाहर द्वीप में टैंक फार्म के लिए पुनर्ग्रहण कार्य	67.24	कार्य प्रगति पर है और 58% वास्तविक प्रगति हो चुकी है।

*****